




## संक्षिप्त समाचार

### लैंसडाउन में ही डॉप्लर रडार स्थापित होगाः बलूनी

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश के राज्य सभा सांसद अनिल बलूनी ने केंद्रीय रक्षा मंत्री से बात की है और केन्द्रीय केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सांसद आश्वासन दिया है कि लैंसडाउन में ही डॉप्लर रडार स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि तीन स्थानों पर डॉप्लर रडार स्थापित किये जाने हैं। यहां जारी एक बयान में सांसद अनिल बलूनी ने बताया कि डॉप्लर राडार के लिए चिन्हित भूमि कैंट बोर्ड में है और रक्षा मंत्रालय की एनओसी के बाद रडार को स्थापित करने का कार्य शुरू होगा। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि कि उत्तराखंड में तीन डॉप्लर रडार लगने हैं।

### किसानों के हितों के लिए व्यापक स्तर पर किया जायेगा संघर्ष

**संवाददाता** डोईवाला। भारतीय किसान यूनियन टिकेट के गढवाल मंडल महामंत्री चौधरी हरेन्द्र बालियान ने कहा है कि किसानों के हितों के लिए व्यापक स्तर पर संघर्ष किया जायेगा। आज पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि गन्ना मिल के भुगतान बकाया के लिए सरकार द्वारा धनराशि स्वीकृत कर दी है और यह सभी किसानों के संघर्ष का ही परिणाम है और इसके लिए उन्होंने सरकार का भार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आवारा पशु तथा केन्द्र सरकार द्वारा तीन अध्यादेश के विरोध के लिए संघर्ष को जारी रखा जायेगा।

### प्राचार्य एवं प्राध्यापकों से महाविद्यालय की संसाधनों एवं समस्याओं पर चर्चा की

**संवाददाता** देहरादून। शहीद दुर्गा मल्ल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोईवाला में उच्च शिक्षा उन्नयन समिति की उपाध्यक्ष दीप्ति रावत एवं रूसा के सहायक परियोजना निदेशक डॉ. रचना नौटियाल ने महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्राध्यापकों से महाविद्यालय की संसाधनों एवं समस्याओं पर चर्चा की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ डीसी नैनवाल द्वारा महाविद्यालय में शिक्षण कक्षा कक्षों की कमी, छात्र छात्राओं के बैठने के लिए पर्याप्त फर्नीचर की अनुउपलब्धता तथा प्रायोगिक विषयों में उपकरणों की समस्या को प्रमुखता से रखा गया।

## सूचना

मेरा पुत्र व पुत्रबधू मेरे कहने सुनने में नहीं हैं। मैं उन्हे अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल कर उनसे संबन्ध विच्छेद करती हूं। भविष्य में उनके किसी भी कृत्य लेनदेन की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवारीजन की नहीं होगी।

लक्ष्मी जुयाल
मोहनपुर, प्रेमनगर
देहरादून। मों.नं. 9634490704

# उत्तराखंड आने वाले बॉर्डर पर करा सकते है कोविड टेस्ट

## निर्देश

■ उत्तराखंड आने वाले बॉर्डर पर भी कर सकेंगे आरटी–पीसीआर कोरोना टेस्ट

■ प्रवेश के लिए पंजीकरण अनिवार्य रखा गया है

**संवाददाता**

देहरादून। अब उत्तराखंड आने वाले सभी लोग बॉर्डर पर भी आरटी–पीसीआर कोरोना टेस्ट कर सकेंगे। इस संबंध में शुक्रवार को गाइडलाइन भी जारी कर दी गई। इसके लिए उन्हें खुद भुगतान करना होगा।

बता दें कि इससे पहले शासन ने अनलॉक–4 की मानक संचालन कार्यविधि (एसओपी) जारी कर दी थी। इसके मुताबिक अब प्रदेश में बाहरी राज्यों से आने वाले व्यक्तियों के लिए दो हजार की तय सीमा हटा दी गई थी। हालांकि, प्रवेश के लिए पंजीकरण अनिवार्य रखा गया है। कोरोना के लिहाज से अत्यधिक संवेदनशील (हाई लोड) शहरों से आने वाले व्यक्तियों को सात दिन का संस्थागत और इतने ही दिन होम क्वारंटाइन में रहने के नियम का पालन करना होगा। ऐसे शहरों से आने वाले उन व्यक्तियों को क्वारंटाइन से छूट मिलेगी, जिन्होंने आने से 96 घंटे पहले तक की अवधि में कोरोना टेस्ट कराया है और उनकी रिपोर्ट नेगिटिव आई है। पहले यह अवधि 72 घंटे निर्धारित की गई थी।



इसी क्रम में मुख्य सचिव और उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ओमप्रकाश की ओर से

### लक्षण नहीं तो गर्भवतियों को भी होम आइसोलेशन

शासन ने अब लक्षण रहित कोरोना संक्रमित गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को भी होम आइसोलेशन की अनुमति प्रदान कर दी है। प्रदेश सरकार ने गत एक सितंबर को कोरोना संक्रमित व्यक्तियों के लिए दिशा–निर्देश जारी किए थे। इसमें 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग व 10 साल से कम उम्र के बच्चों को होम आइसोलेशन की सुविधा दे दी गई थी।

शुक्रवार को जारी नई गाइडलाइन में उत्तराखंड आने वाले लोगों को बॉर्डर चेक पोस्ट पर कोविड टेस्ट कराने का विकल्प दिया गया है। इसके लिए उन्हें खुद भुगतान करना होगा। यदि उनकी जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आती है तो यह संबंधित जिला प्रशासन की जिम्मेदारी होगी कि स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर एमओएचएफडब्ल्यू और राज्य सरकार की ओर से निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन कराए।

### छात्र संगठनों एवं सामाजिक संगठनों ने कंगना रनौत प्रकरण में किया प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। राजधानी में अनेक छात्र संगठनों एवं सामाजिक संगठनों ने एकजुटता का परिचय देते हुए अभिनेत्री कंगना रनौत प्रकरण में प्रदर्शन करते हुए महाराष्ट्र सरकार का पुतला फूंका और कहा कि महाराष्ट्र सरकार कंगना रनौत का उत्पीड़न बंद करें अन्यथा आंदोलन को तेज किया जायेगा। आज राजधानी में अनेक छात्र संगठनों एवं सामाजिक संगठनों ने एकजुटता का परिचय देते हुए डीएवी पीजी कालेज के बाहर इकटठा हुए ओर वहां पर अभिनेत्री कंगना रनौत प्रकरण में प्रदर्शन करते हुए महाराष्ट्र सरकार का पुतला फूंका। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि जहां एक ओर महिलाओं को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है और वहीं दूसरी ओर महाराष्ट्र सरकार अभिनेत्री कंगना रनौत का लगातार उत्पीड़न कर रही है जिसे किसी भी दशा में सहन नहीं किया जायेगा। इस अवसर पर अनेक छात्र व सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल थे।

# सभी विभागों में हजारों पद रिक्त पड़े हैंः धस्माना

## आरोप

■ नियुक्तियों का ब्यौरा श्वेत पत्र जारी करे

देहरादून। **संवाददाता**

प्रदेश कांग्रेस पार्टी ने रोजगार के मुद्दे पर प्रदेश के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की घेराबंदी करते हुए मुख्यमंत्री से राज्य में सभी सरकारी विभागों , निगमों व सचिवालय में रिक्त पड़े कर्मियों के पदों , पिछले पौने चार सालों में इन पदों की नियुक्ति की लिए जारी विज्ञप्तियों व उनपर हुई नियुक्तियों का ब्यौरा श्वेत पत्र जारी करें। आज कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने सीएम को लिखे पत्र को प्रेस को जारी करते हुए बताया कि कांग्रेस ने मुख्यमंत्री से कहा कि उन्होंने वर्ष 2017 मार्च को उत्तराखंड राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की थी। राज्य में बीजेपी सरकार के सत्तारूढ़ होने से पूर्व विधानसभा चुनाव में अपने चुनावी घोषणा पत्र में राज्य के बेरोजगार नौजवानों से बीजेपी के राज्य में सत्ता में आने पर राज्य में सभी विभागों में रिक्त पड़े पदों पर नियुक्ति कर रिक्त पदों को भरने का वायदा किया था। उन्होंने कहा कि राज्य में शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, परिवहन विभाग, लोक निर्माण विभाग, पुलिस समेत लगभग सभी विभागों में हजारों पड़ रिक्त पड़े हैं। राज्य में पिछले पौने चार वर्षों में राज्य के बेरोजगार नियुक्तियों के लिए निकलनेवाली विज्ञप्तियों देखने के लिए तरस गए। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग भी लंबे समय से शिक्षकों व प्रधानाचार्यों की कमी झेल रहा है लेकिन कोई नियुक्ति प्रक्रिया नही की जा रही है। इस प्रकार से राज्य के विद्युत विभाग में चीफ इंजीनियरों से लेकर अधीक्षण अधिशासी अभियंता तो सरप्लस में हैं लेकिन फील्ड में काम करने वाले जेई व लाइन मैन नाम मात्र के ही हैं। राज्य के लगभग सभी विभागों में इसी प्रकार की स्थितियां विद्यमान हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने 12 सितंबर को पूरे राज्य में ब्लॉक स्तर पर पार्टी कार्यकर्ताओं से राज्य सरकार रोजगार दो वरना गद्दी छोड़ दो के नारे के साथ धरना प्रदर्शन का आह्वान किया है।

### थानों चौकियों में पर्याप्त पुलिस बल नहीं

राज्य में स्वास्थ्य विभाग में पचपन सौ नर्सों के सापेक्ष केवल 1500 नर्स हैं और साढे तीन हजार पद रिक्त पड़े हैं, उन्होंने कहा कि डॉक्टर व वार्ड बॉय से लेकर सफाई कर्मचारियों के हजारों पद खाली पड़े हैं। इसी प्रकार से पुलिस विभाग में पिछले चार वर्षों से एक बार भी सिपाही व दरोगा भर्ती नहीं हुई और पुलिस में इनका भारी टोटा बना हुआ है और थानों चौकियों में पर्याप्त पुलिस बल नहीं है।

### पुलिस मुख्यालय को कराया गया सैनिटाइज

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना वायरस कोविड के चलते जहां प्रमुख कार्यालयों पर बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है और वहीं दूसरी ओर बढ़ते मामले को देखते हुए आज पुलिस मुख्यालय को सैनिटाइज कराया गया है। यहां मिली जानकारी के अनुसार पुलिस कर्मियों में भी हो रही है कोरोना वायरस की पुष्टि को देखते हुए आज पुलिस मुख्यालय प्रांगण को सैनिटाइज कराया गया है। पिछले कुछ समय मे कई अधिकारी होम क्वारंटाइन हुए व कई पुलिसकर्मियों में कोरोना वायरस की पुष्टि हुई है और ऐतिहातन पुलिस मुख्यालय को सैनिटाइज कराया गया है जबकि प्रदेश के सचिवालय, विधानसभा, स्वास्थ्य महानिदेशालय, चिकित्सा शिक्षा परिषद, जिलाधिकारी कार्यालय, नगर निगम, पुलिस मुख्यालय सहित अन्य प्रमुख कार्यालयों में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है।

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel